# प्रेस विज्ञप्ति

## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) को एमओयू 2024-25 के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' रेटिंग मिली

**नई दिल्ली, 9 जनवरी, 2026:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) जो एक 'मिनी रत्न श्रेणी-I' सीपीएसई  है, ने नागर विमानन मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित एमओयू 2024-25 के अंतर्गत 93.21 अंकों के साथ 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल की है। यह उपलब्धि प्रचालन दक्षता में इसकी निरंतर उपलब्धियों को रेखांकित करती है।

सार्वजनिक उद्यम विभाग ने भा.वि.प्रा. के एमओयू स्कोर 93.21 की सूचना दी है, जिसकी अंतिम रेटिंग 'उत्कृष्ट' है। भा.वि.प्रा. और नागर विमानन मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर डीपीई के दिशा निर्देशों के अनुसार हस्ताक्षर किए जाते हैं, जिसमें मुख्य रूप से वित्तीय लक्ष्यों जैसे प्रचालन से राजस्व में वृद्धि, कैपेक्स, नियोजित पूंजी पर प्रतिफल, परिसंपत्ति टर्नओवर अनुपात आदि तथा सीपीएसई क्षेत्र-विशिष्ट भौतिक मापदंडों पर बल दिया जाता है।

इसके अलावा, भारत सरकार की प्राथमिकताओं के आधार पर एमओयू में कुछ अनुपालन मापदंडों को भी शामिल किया गया है, जैसे कि एमएसईएस का प्रापण, एससी/एसटी व महिलाएं, सीएसआर आदि शामिल हैं। भा.वि.प्रा. ने एमओयू 2024-25 के अंतर्गत पूंजीगत व्यय में 5,075 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसका उद्देश्य अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास करना, हवाई अड्डे की सेवाओं को बेहतर बनाना और प्रचालन दक्षता में सुधार करना है; जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों को एक सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

भारत सरकार के विज़न के अनुरूप भा.वि.प्रा. का प्रदर्शन सशक्त विकास, दक्ष प्रचालन, एमएसएमई प्रापण और सीएसआर की पहलों को प्रदर्शित करता है।

*जारीकर्ता:*

*निगमित संचार निदेशालय, भा.वि.प्रा*
*विस्तृत विवरण के लिए, कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-20818228*
*प्रेस विज्ञप्ति संख्या 12/2025-26*


भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA